॥ श्रीः ॥

रुद्राक्षमाहात्म्यम् ।

श्रीमता जान्हवीतटनिवासिना प्रेमपुरीपरिव्राजकेन
सङ्गृहीतं भाषाटीकान्वितं च.

गङ्गाविष्णु श्रीकृष्णदास,
मालिक-" लक्ष्मीवेङ्कटेश्वर " स्टीम् प्रेस,
कल्याण-बंबई.

संवत् १९८६, शके १८५१.

मुद्रक और प्रकाशक—

गङ्गाविष्णु श्रीकृष्णदास

मालिक—" लक्ष्मीवेङ्कटेश्वर " स्टीम्–प्रेस, कल्याण–बंबई.

प्रस्तावना.

रुद्राक्षे प्रजपन्मंत्रं पुण्यं कोटिगुणं भवेत् ।
दशकोटिगुणं पुण्यं धारणाल्लभते नरः ॥

अथाद्यप्रेमान्वितधर्मिष्ठवरभारतवासीयनिखिलसज्जनवरेषु रुद्राक्षमालामाहात्म्यविषयकमध्येतॄणामानन्दजनकं निवेदनमदः, यतः रुद्रस्य नयनादुत्पन्ना रुद्राक्षा इति लोके ख्याताः अतः श्रेष्ठतरा इति तन्मालामहिमा च ऋग्वेदादिचतुर्ष्वपि वेदेषु श्रीमहामुनिव्यासनिर्मितभारतपुराणादिग्रन्थसंदर्भेषु सविस्तरा प्रसिद्धतरा चास्ति तथापि आधुनिकान् कार्यासक्तानपि साभिलाषानवलोक्य धर्मलोपभयात् परोपकारहेतवे तेषामभिलाषापूर्त्तिनिमित्तं सद्धर्मप्रकाशकं महल्लघ्वेतत्संग्रहमत्यल्पमतिना श्रीमता जान्हवीतीरनिवासिना प्रेमपुरीतिपरिव्राजकेन मया वेदादिग्रन्थेभ्यः सारमादाय संगृहीतं चेदं रुद्राक्षमाहात्म्यम् ॥

समर्पणम् ।

हे मान्यवराः ! आपका ध्यान सदा हिन्दीभाषा और संस्कृत्की उन्नतिपर है इसवास्ते मैं आपके आगे यह पुस्तक निवेदन करताहूं इसे देख प्रसन्न होंगे और मनुष्यजन्मका लाभ संपादन करेंगे.

अथानुक्रमणिका ।

श्रीगणेशाय नमः ।

रुद्राक्षमाहात्म्यम् ।

भाषाटीकासहितम् ।

नत्वा गणेशं सगणं महेशं श्रीशारदां सर्वगुणप्रदात्रीम् ।
रुद्राक्षसारं सकलार्थमूलं प्रेम्णावृतो प्रेमपुरी तु चक्रे ॥ १ ॥
सर्वार्थसाधने मूलं रुद्राक्षं परमं मतम् ।
इति ज्ञात्वा मया सम्यक् गृह्यते परमादरात् ॥ २ ॥

अथ यदुक्तं जाबालोपनिषदि अथर्ववेदे—

अथ हैनं कालाग्निरुद्रं भुसुण्डः पप्रच्छ कथं रुद्राक्षोत्पत्तिः तद्धारणात्किं फलमिति तं होवाच भगवान् कालाग्निरुद्रः त्रिपुरवधार्थमहं निमीलिताक्षोऽभवं तेभ्यो जलबिन्दवो भूमौ पतितास्ते रुद्राक्षा जाताः सर्वानुग्रहार्थाय तेषां नामोच्चारण मात्रेण दशगोप्रदानफलं दर्शनस्पर्शनाभ्यां द्विगुणं फलमत ऊर्ध्वं वक्तुं न शक्नोमि ॥ ३ ॥

भगवान् कालाग्निरुद्रको भुसुण्डऋषिने पूछा कि रुद्राक्ष कैसे उत्पन्न भये उनके धारणसे क्या फल प्राप्त होताहै भुसुण्डके प्रति भगवान् कालाग्निरुद्र कहते भये कि, त्रिपुरासुरके वधनिमित्त मैंने नेत्र मीचलिये उनसे जलबिन्दु भूमिपर गिरे वह रुद्राक्ष उत्पन्न भये सर्वजनका अनुग्रहनिमित्त भये उनके नामोच्चारणसे दश गोप्रदानका फल प्राप्त होताहै दर्शन और स्पर्शसे द्विगुण फल होताहै और इसके आगे मैं कह नहीं सकताहूँ ॥ ३ ॥

अथ कालाग्निरुद्रं भगवन्तं सनत्कुमारः पप्रच्छाऽधीहि भगवन् रुद्राक्षधारणविधिम् तस्मिन्समये निदाघजडभरत-दत्तात्रेयकात्यायनकपिलवसिष्ठपिप्पलादयश्च कालाग्निरुद्रः किमर्थं भवतामागमनमिति होवाच रुद्राक्षधारणविधिं सर्वे श्रोतुमिच्छामह इति अथ कालाग्निरुद्रः प्रोवाच रुद्रस्य नयनादुत्पन्ना रुद्राक्षा इति लोके ख्यायन्ते ॥ ४ ॥

कालाग्निरुद्रके प्रति सनत्कुमारने प्रश्न किया कि, हे भगवन्! रुद्राक्ष-धारणविधिके श्रवण करनेकी इच्छा करताहूं उसीसमय निदाघ, जडभरत, दत्तात्रेय, कात्यायन, कपिल, वसिष्ठ, पिप्पलाद आये उन्हे आये देख कालाग्निरुद्र पूंछतेभये कि, किसनिमित्त आपका आगमन हुवा ऋषि कहतेहैं कि, रुद्राक्षधारणविधि श्रवणकरनेकी इच्छा करतेहैं कालाग्निरुद्र उत्तर देतेभये कि, रुद्रके नेत्रसे उत्पन्न भये इसवास्ते रुद्राक्ष यह नाम लोकमें प्रसिद्ध हुवा ॥ ४ ॥

देवी भगवते–सर्वाश्रमाणां वर्णानां स्त्रीशूद्राणां शिवाज्ञया ।
धार्याः सदैव रुद्राक्षा यतीनां प्रणवेन हि॥५॥

संपूर्ण आश्रम और वर्णोंको स्त्रीशूद्रोंको शिवजीकी आज्ञासे सदा रुद्राक्षधारण करने योग्य है और यतियोंको ओंकारपूर्वक श्रेष्ठ है ॥ ५ ॥

शिवपुराणे–शिवनाम विभूतिश्च रुद्राक्षास्त्रितयाः शुभाः ।
एतत्त्रयं शरीरे च यस्य तिष्ठति नित्यशः ॥ ६ ॥

शिवजीका नाम और विभूति रुद्राक्ष यह तीनों नित्यप्रति जिसके शरीरमें विद्यमान है ॥ ६ ॥

शरीरे च त्रयं यस्य तत्फलं चैकतः स्मृतम् ।
एकतो वेणिकायाश्च दर्शनेन फलन्तु यत् ॥ ७ ॥

जिसके शरीरमें यह तीनों हैं उसके दर्शनसेही त्रिवेणीका फल मिलता है एक त्रिवेणिका और एक विभूतिआदि धारणकरनेका फलहै ॥ ७ ॥

तदेव तुलितं पूर्वं ब्रह्मणा हितकारिणा ।
समतां चैव तद्यातं तस्माद्धार्य्यं सदा बुधैः ॥ ८ ॥

हितकरनेकी इच्छासे ब्रह्माजीने तोला था यह दोनों बराबरही हुए इससे बुद्धिमानोंको यह सदा धारण करनेचाहिये ॥ ८ ॥

तद्दिनं हि समारभ्य ब्रह्मादिभिः पुरातनैः ।
धार्य्यते त्रितयं तच्च दर्शनात्पापहारकम् ॥ ९ ॥

उसी दिनसे ब्रह्मा आदिभी इन तीनोंको धारण करतेहैं जिसके दर्शनसे पाप दूर होता है ॥ ९ ॥

देवीभागवते--रुद्राक्षेण जपन्मंत्रं पुण्यं कोटिगुणं भवेत् ।
दशकोटिगुणं पुण्यं धारणाल्लभते नरः ॥ १० ॥

रुद्राक्षसे मंत्र जपनेमें करोडगुणा पुण्य होता है और धारण करनेसे दसकरोडगुणा पुण्य मनुष्य पाता है. ॥ १० ॥

शिवपुराणे--तन्माहात्म्यं विशेषेण वक्तुमर्हसि तत्त्वतः ।
इत्येवं वचनं श्रुत्वा सूतो वचनमब्रवीत् ॥ ११ ॥

शौनकादिऋषि पूछतेभये कि, रुद्राक्षमाहात्म्य हमसे वर्णन कीजिये ऐसा वचन सुनकर सूतजी बोले ॥ ११ ॥

सम्यक् पृष्टमृषिश्रेष्ठाः कथयामि पुरातनम् ।
रुद्रसंख्याशतं धृत्वा रुद्ररूपो भवेन्नरः ॥ १२ ॥

हे ऋषियो ! अच्छी वार्ता पूंछी है मैं पुरानी कथाको कहताहूं कि ग्यारहसौ ११०० रुद्राक्ष धारण करनेसे यह प्राणी साक्षात् रुद्ररूप होता है ॥ १२ ॥

पञ्चभिश्च शतैश्चैव शतार्धेन तथा पुनः ।
रचित्वा मुकुटं यो वै धारयेत्स शिवस्तथा ॥ १३ ॥

जो साढेपांचसौ रुद्राक्षोंका मुकुट मस्तकपर धारण करता है वह साक्षात् शिव है ॥ १३ ॥

त्रिभिश्चैव शतैः प्रोक्तं षष्ट्या युक्तैर्मुनीश्वराः ।
उपवीतं त्रिरावृत्तं तथा तस्य तथा पुनः ॥ १४ ॥

हे ऋषियो ! और जो तीन सौ साठ ३६० दानोंकी तीन लड करके यज्ञोपवीत धारणकरे ॥ १४ ॥

शिखायां च तथा प्रोक्तं त्रयं वै ऋषिसत्तमाः।
कर्णयोः पञ्च षट् चैव दक्षिणोत्तरयोस्तथा ॥ १५ ॥

और तीन शिखामें धारण करे और पांच छः दक्षिण उत्तरके कानोंमें धारण करे ॥ १५ ॥

शतमेकोत्तरं कण्ठे वाह्वोश्च रुद्रसंख्यया ।
कर्णयोर्धारयेत्तत्र मणिबन्धे तथा पुनः ॥ १६ ॥

कंठमें एकसौ आठ भुजावोंमें ग्यारह २ कर्ण और कंकणके स्थानमें जो धारण करता है ॥ १६ ॥

उपवीते त्रयं धार्य्यं मुक्तिकामी भवेन्नरः ।
शेषाश्चोर्वरिताश्चैव पञ्चाशन्मुनिसत्तमाः ॥ १७ ॥

और मुक्तिकी कामना करनेवालेको तीन दाने यज्ञोपवीतमें धारण करने चाहिये हे मुनिश्रेष्ठो ! शेष पंचास अवसिष्ट रहें ॥ १७ ॥

कटिसूत्रं तथा कृत्वा नाभौ च धारयेद्बुधः ।
एवं संख्या धृता येन स शिवो नात्र संशयः ॥ १८ ॥

कटिसूत्र बनाकर नाभिमें धारण करे इस संख्यासे जो धारण करता है वह शिवरूप होजाता है इसमें सन्देह न हीं है ॥ १८ ॥

देवीभागवते—शताधिकसहस्रस्य विधिरेषः प्रकीर्तितः ।
तदभावे प्रकारोन्यः शुभः सम्प्रोच्यते मया॥१९॥

यह ग्यारहसौकी विधि कही है इसके अभावमें दूसरा प्रकार है वह मैं तुमसे कहताहूं ॥ १९ ॥

एकं शिखायां रुद्राक्षं चत्वारिंशत्तु मस्तके ।
द्वात्रिंशत्कण्ठदेशे तु वक्षस्यष्टोत्तरं शतम् ॥ २० ॥

शिखामें एक रुद्राक्ष मस्तकमें चालीस कंठमें वत्तीस हृदयमें एकसौ आठ ॥ २० ॥

एकैकं कर्णयोः षट्षट् बाह्वोः षोडशषोडश ।
करयो रविमानेन द्विगुणेन मुनीश्वर ॥ २१ ॥

कानोंमें छः छः ६ भुजावोंमें सोलह हाथोंमें चौबीसचौबीस॥२१॥

संख्याप्रीतिधृता येन सोऽपि शैवजनः परः ।
शिववत्पूजनीयो वै वंद्यस्सर्वैरभीक्ष्णशः ॥ २२ ॥

इतने जिसने प्रीतिसे धारणकिये हैं वहभी शिवजीका भक्त है निरंतर सबसे पूजनीय है और वंदनीय है ॥ २२ ॥

तत्सर्वं च मया ख्यातं यत्पृष्टं हि मुनीश्वराः ।
भस्मरुद्राक्षमाहात्म्यं सर्वकामसमृद्धिदम् ॥ २३ ॥

हे मुनिश्वरो ! जो आपने पूछा वह सब तुमसे कहा भस्मरुद्राक्ष माहात्म्य सब कामना समृद्धिके देनेवालाहै. ॥ २३ ॥

धात्रीफलसमं यत्स्यात्सर्वारिष्टविनाशनम् ।
गुञ्जया सदृशं यत्स्यात्सर्वार्थफलदायकम् ॥ २४ ॥

जो धात्रीफलके समान है वह संपूर्ण अरिष्टोंको शांत करताहै
चोंटलीके फलके समान है वह संपूर्ण अर्थ साधनेवाला है ॥ २४

शिवपुराणे-यथायथा लघुः स्याद्वै तथातथाऽधिकं फलम्
एकैकस्य फलं प्रोक्तं दशांशैरधिकं बुधैः ॥२५

ज्यों २ छोटा होता है त्यों २ अधिक फल देनेवालाहै एक दूसं
एक २ दशांशफल अधिक देताहै ॥ २५ ॥

सर्वेष्वपि च बीजेषु दृश्यते विविधाङ्कुरः ।
रुद्राक्षबीजके सृष्टा दृश्यते मक्तिरुत्तमा ॥ २६ ॥

संपूर्ण बीजोंमें अनेकप्रकारके अंकुर दीखते हैं परन्तु रुद्राक्षके बी
श्रेष्ठ मुक्तिही दीखती है ॥ २६ ॥

पराशरे गौतमोक्तम्-

शतं च शंखमणिभिः प्रवालैश्च सहस्रकम् ।
स्फटिकैर्दशसाहस्रं मौक्तिकैर्लक्षमुच्यते ॥ २७ ॥
पद्माक्षैर्दशलक्षन्तु सौवर्णैः कोटिरुच्यते ।
कुशग्रन्थ्या च रुद्राक्षैरनन्तफलमश्नुते ॥ २८ ॥

इन सब पूर्वोक्त मालाओंसे रुद्राक्षकी मालासे जप करे तो
न्तगुणफल प्राप्त होता है ॥ २७-२८ ॥

शिवपुराणे-चिह्नैरेतैः शुभा ज्ञेया प्रेक्षावद्भिर्मुनीश्वराः ।
एकमुखी च या स्याद्वै प्रतिपूरं व्रजेदिह ॥ २

हे मुनिश्वरो ! इन लक्षणोंसे विद्वान् शुभ रुद्राक्षोंकी परीक्षा करले जो एकमुखी दाना होताहै वह प्रवाहके ऊपर रहता है जलमें मग्न नहीं होता या प्रवाहके सन्मुख जाता है ॥ २९ ॥

एकमुखी भवेद्या वै सर्वसिद्धिप्रदायिनी ।
सिद्धयोऽष्टौ च तत्रैव यत्र स्याच्छुभदा च सा ॥३०॥

जो एकमुखी रुद्राक्षका दाना है वह सब सिद्धियोंका देनेवाला और जहां वह रहता है वहां आठों सिद्धि रहती हैं ॥ ३० ॥

अथर्ववेदे-एकवक्त्रन्तु रुद्राक्षं परतत्त्वस्वरूपकम् ।
तद्धारणात्परे तत्त्वे लीयते विजितेन्द्रियः ॥३१॥

एकमुख रुद्राक्ष परमतत्त्वका स्वरूप होता है उसके धारणसे जितेन्द्रिय पुरुष परमतत्त्वमे लीन होता है ॥ ३१ ॥

द्विवक्त्रन्तु मुनिश्रेष्ठ चार्द्धनारीश्वरात्मकम् ।
धारणादर्धनारीशः प्रीयते तस्य नित्यशः ॥ ३२ ॥

हे मुनिश्रेष्ठ ! दोमुखी अर्धनारीश्वरात्मक है इसके धारणसे अर्धनारीश प्रसन्न रहता है ॥ ३२ ॥

त्रिमुखश्चैव रुद्राक्षं अग्नित्रयस्वरूपकम् ।
तद्धारणाच्च हुतभुक् तस्य तुष्यति नित्यशः ॥ ३३ ॥

तीनमुख रुद्राक्ष अग्नित्रयस्वरूप है उसके धारणसे अग्निदेवता प्रसन्न रहता है ॥ ३३ ॥

चतुर्मुखन्तु रुद्राक्षं चतुर्वक्त्रस्वरूपकम् ।
तद्धारणाच्चतुर्वक्त्रः प्रीयते तस्य नित्यदा ॥ ३४ ॥

चतुर्मुखरुद्राक्ष चतुर्मुखस्वरूप (अर्थात्) ब्रह्मदेवके स्वरूपका होता है उसके धारणसे चतुर्वक्त्र ब्रह्मा सदा प्रसन्न होता है ॥ ३४ ॥

पञ्चमुखी तु रुद्राक्षं पञ्चब्रह्मस्वरूपकम् ।
पञ्चवक्त्रः स्वयं ब्रह्म पुरुहत्यां व्यपोहति ॥ ३५ ॥

पांचमुख रुद्राक्ष पंचब्रह्मस्वरूप है पंचवक्त्र स्वयंही ब्रह्म बहुत हत्याओंको दूर करताहै ॥ ३५ ॥

षड्वक्त्रमपि रुद्राक्षं कार्तिकेयाधिदैवतम् ।
तद्धारणान्महाश्रीस्स्यान्महदारोग्यमुत्तमम् ॥ ३६ ॥

षड्मुख रुद्राक्ष कार्तिकेय उसके देवता है उसके धारणसे उत्तम आरोग्य प्राप्त होता है ॥ ३६ ॥

सप्तवक्त्रन्तु रुद्राक्षं सप्तमात्राधिदैवतम् ।
तद्धारणान्महाश्रीस्स्यान्महदारोग्यमुत्तमम् ॥ ३७ ॥

सप्तमुख रुद्राक्ष सप्तमात्रा उसके देवता है उसके धारणसे उत्तम लक्ष्मी प्राप्त होती है उत्तम आरोग्य भी ॥ ३७ ॥

अष्टवक्त्रन्तु रुद्राक्षमष्टमात्राधिदैवतम् ।
वस्वष्टकप्रियं चैव गङ्गाप्रीतिकरं तथा ॥ ३८ ॥

अष्टमुखी रुद्राक्ष अष्टमात्रा उसके देवता है आठवसुवोंकी प्रीतिकारक है और गङ्गाजीभी प्रीति कारकहैं ॥ ३८ ॥

नववक्त्रन्तु रुद्राक्षं नवशक्त्यधिदैवतम् ।
तस्य धारणमात्रेण तुष्यन्ति नवशक्तयः ॥ ३९ ॥

नवमुख रुद्राक्ष नवशक्ती उसके देवता हैं उसके धारणमात्रसेही नवशक्ती प्रसन्न होती हैं ॥ ३९ ॥

दशवक्रन्तु रुद्राक्षं यमदैवत्यमीरितम् ।
दशाप्रशान्तिजनकं धारणान्नात्र संशयः ॥ ४० ॥

दशमुख रुद्राक्षके यम देवता है इनके धारणसे दुष्टदशाकी शान्ति ता है इसमें कुछ संशय नहीं ॥ ४० ॥

एकादशमुखं त्वक्षं रुद्रैकादशदैवतम् ।
तदिदं दैवतं प्राहुस्सदा सौभाग्यवर्द्धनम् ॥ ४१ ॥

एकादशमुख रुद्राक्ष जिसके एकादशरुद्रही देवता है वह देवता दा सौभाग्य बढानेवाला है ॥ ४१ ॥

रुद्राक्षं द्वादशमुखं महाविष्णुस्वरूपकम् ।
द्वादशादित्यरूपं च बिभर्त्येव हि तत्परम् ॥ ४२ ॥

द्वादशमुखरुद्राक्ष महाविष्णु स्वरूप है और द्वादशसूर्यरूप है ारण करनेवालेकी पालनादि करता है ॥ ४२ ॥

त्रयोदशमुखं त्वक्षं कामदं सिद्धिदं शुभम् ।
तस्य धारणमात्रेण कामदेवः प्रसीदति ॥ ४३ ॥

त्रयोदशमुख रुद्राक्ष कामना सिद्धिके देनेवाला है उसके धारणसे ामदेव प्रसन्न होता है ॥ ४३ ॥

चतुर्दशमुखं चाक्षं सर्वदा सिद्धिदायकम् ।
सर्वव्याधिहरं चैव सर्वदारोग्यमुत्तमम् ॥ ४४ ॥

चौदहमुख रुद्राक्ष सर्वदा सिद्धि देनेवाला है और सर्वप्रकारकी ाधियोंको दूरकर सदाकाल उत्तम आरोग्यताको देता है ॥ ४४ ॥

चतुर्दशाख्यपर्यन्तं माहात्म्यं लिखितं मया ।
एकाविंशमुखान्तश्च पुराणे श्रूयतेऽखिलम् ॥ ४५ ॥

चतुर्दशमुखतक रुद्राक्षमाहात्म्य मैंने लिखा है एकविंशतिमुखतक पुराणोंमें सुना जाता है ॥ ४५ ॥

गौरीशङ्कररुद्राक्षं तदेव प्रियदैवतम् ।
धारणात्सुखसंपत्तिर्महदारोग्यमुत्तमम् ॥ ४६ ॥

गौरीशङ्कररुद्राक्ष उसका वहही देवता है इसके धारणसे सुख संपत्ति प्राप्त होता है और महत् आरोग्य प्राप्त होता है ॥ ४६ ॥

देवीभागवते—इत्युक्तं गिरिजाग्रे हि शिवेन परमात्मना ।
खलु रुद्राक्षभेदा हि प्रोक्ता वै मुखभेदतः ॥ ४७ ॥

इस प्रकार पार्वतीके आगे परमात्मा शिवजीने मुखभेदसे इतने रुद्राक्षोंके भेद वर्णन किये हैं ॥ ४७ ॥

विष्णोरपि च भक्तश्च जपे कुर्यात्तथैव च ।
वस्तुतः सर्वदेवानां जाप्ये मुख्या उदाहृता ॥ ४८ ॥

और विष्णुके भक्तभी इससे जप करें यथार्थमें यह संपूर्ण देवताओंके जपमें श्रेष्ठ है ॥ ४८ ॥

स्थूलाक्षदेशं जगति प्रसिद्धं नैपालनाम्ना भुवि मुख्यदेशम् ।
यत्रोद्भवाः सर्वनराश्चनार्य्यःशिवप्रियाःशैवजनानुरक्ताः ॥ ४९ ॥

जहाँके उत्पन्नभये लोक शिवभक्तोंपर प्रीति करनेवाले शिवके प्रिय हैं ऐसे जगत्प्रसिद्ध प्रपञ्चमें श्रेष्ठ नैपाल नामक देशमें स्थूलाक्ष (बडे रुद्राक्ष) होते हैं ॥ ४९ ॥

अगस्त्यसंसेवितदक्षिणां दिशं जावाप्रसिद्धं खलु जन्मधाम ।
रुद्राक्षदेशंचणकेन तुल्यं शिवप्रियं शैवजनानुगम्यम् ॥ ५० ॥

शंकरके प्रिय और शिवभक्तों करि सेवित छोटे चणाके समान रुद्राक्ष अगस्त्य ऋषिसे सेवित प्रसिद्ध दक्षिण देशमें और 'जावा' नामद्वीपमें होते हैं ॥ ९० ॥

एवं यः शृणुयान्नित्यं माहात्म्यं परमं शुभम्।
लभेत्परत्र संमोक्षं शिवस्यातिप्रियो भवेत् ॥ ९१ ॥

इस प्रकार जो परमश्रेष्ठ माहात्म्यको श्रवण करताहै फिर मुक्त वा शिवजीको अतिप्रिय होता है ॥ ९१ ॥

समाप्ता चेयं वै निखिलविधरुद्राक्षमहिमा
इमां ज्ञात्वा सम्यक् बहुविधसुखं याति मनुजः।
अतः स्वान्ते धार्या हरिहरसमाराधनपरैः
कृतं त्वेतत्सर्वं सकलजनप्रेमार्थपुरिणा ॥ ९२ ॥

यह अनेक प्रकारकी रुद्राक्षमहिमा समाप्त हुई इसमहिमाको भले प्रकार जानकर मनुष्य अनेक प्रकारके सुखको पाताहै इस वास्ते विष्णु शिवके पूजनमें तत्पर लोगोंसे मनमें धारण करने योग्य यह संग्रह सब लोगनके प्रीत्यर्थ प्रेमपुरीस्वामीने कियाहै ॥ ९२ ॥

इति श्री अथर्ववेदे पुराणान्तरे च रुद्राक्षमालामहिमाधारणविधि-भाषाटीकासमन्वितंप्रेमपुरीरचितरुद्राक्षमाहात्म्यं संपूर्णम् ॥

पुस्तक मिलनेका ठिकाना-

गङ्गाविष्णु श्रीकृष्णदास,
"लक्ष्मीवेङ्कटेश्वर" स्टीम् प्रेस,
कल्याण-बंबई.

खेमराज श्रीकृष्णदास,
"श्रीवेङ्कटेश्वर" स्टीम् प्रेस,
खेतवाडी-बंबई.